# FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट )
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0336 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 19/12/2025 22:21 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 11/12/2025 **Date To (दिनांक तक):** 18/12/2025

**Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 17:36 बजे **Time To (समय तक):** 16:55 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 19/12/2025 **Time (समय):** 22:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 004 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 19/12/2025 22:21:25 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** WEST, 465 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b)**Address(पता):** REVARDAR KASBE KE BAHAR KAROTI KI TARAF JANE WALI ROAD, JILA SIROHI

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):**

**District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** DR.PARVEEN KUMAR CHAUDHARY

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** BHAGWAN JI CHAUDHARY

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1994 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | MUKAM SHIV CLINIC MANDAR, REVADAR, SIROHI, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | YAVARPURA, DISA, बनासकांठा, गुजरात, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DR.LONG MOHAMMAD RAJAD | | पिता:HAFAT KHAN | 1. AAKAL POST OGALA,SEDVA,BARMER,RAJA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | बीस हजार रूपये भारतीय मुद्रा एवं तीस हजार रूपये मनोरंजन बैंक के डमी नोट | 50,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)** 50,000.00
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., If any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

सेवामें,श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,चित्तौडगढ़विषय- कानूनी कार्यवाही कराने बाबत्। महोदय,उपरोक्त विषय में निवेदन है कि मुझ प्रार्थी प्रवीण कुमार चौधरी का हौम्योपेथिक का शिव क्लिनिक मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही में स्थित है। मेरे प्राईवेट क्लिनिक को चैक नही करने एवं केस नही बनाने की ऐवज में ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर डॉ0 लोन्ग मोहम्मद मेरे से खर्चे पानी के लिए 50 हजार रूपये की रिश्वत की मांग कर रहे है। पूर्व में भी डॉ0 लोन्ग मोहम्मद को खर्चे पानी के पैसे नही देने के कारण मेरे खिलाफ केस बनवा दिया था तथा खर्चा पानी नही देने पर दुबारा केस बनाने की धमकी दे रहे है। मैं उन्हे रिश्वत नही देना चाहता हुं बल्कि उन्हे रिश्वत लेते हुए को पकडवाना चाहता हुं। मेरी डॉ0 लोन्ग मोहम्मद से कोई आपसी रजिंश नही है एवं ना ही कोई उधार का लेन-देन बकाया है तथा ना ही मुझे कोई राजकीय राशि जमा कराना बाकी है। अतः श्रीमान् से निवेदन है कि कानूनी कार्यवाही कराना फरमावें।प्रार्थी(डॉ0 प्रवीण कुमार चौधरी)निवासी ग्राम यावरपुरा डिसाजिला बनासकांटा (गुजरात)मोबाईल नम्बर दिनांक 12.12.2025कार्यवाही पुलिसकार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तोड़गढ़महोदय,मामला इस प्रकार निवेदन है कि दिनांक 11.12.2025 को समय करीब 05.36 पी0एम0 पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी ने अपने मोबाईल नम्बर से मन् उप अधीक्षक पुलिस के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर बताया कि मैं मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही में हौम्योपेथिक की क्लिनिक चलाता हुं। मेरी क्लिनिक को चैक नही करने एवं केस नही बनाने की ऐवज में डॉ. लोंग मोहम्मद ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर द्वारा खर्चे पानी के रूप में 50 हजार रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। मैं डॉ. लोंग मोहम्मद को रिश्वत नही देना चाहता हुं बल्कि उसको रिश्वत लेते हुए को पकडवाना चाहता हुं। परिवादी से आवश्यक पूछताछ करने पर बताया कि मेरे द्वारा पुर्व में भी उक्त डॉ. को रिश्वत नही देने पर किसी अन्य अधिकारी को भेज मेरे खिलाफ केस बना दिया जो केस अभी कोर्ट में विचाराधीन है। मेरी उक्त डॉ. से कोई आपसी रजिंश नही है एवं ना ही कोई उधार का लेन-देन बकाया है तथा ना ही मुझे कोई राजकीय राषि अथवा जुर्माना जमा कराना है। कृपया कानूनी कार्यवाही करावें। परिवादी द्वारा यह भी बताया गया कि मैंने हौम्योपैथिक में बी. एच.एम.एस. की डिग्री प्राप्त की हुई है। परिवादी को रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु कहा गया एवं ब्यूरो चौकी चित्तौडगढ़ पर उपस्थित होने हेतु उक्त षिकायत के सम्बन्ध में कार्यवाही कराने हेतु प्रार्थना पत्र देने हेतु कहा गया। परिवादी द्वारा ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित होने में असमर्थता जाहिर की तथा कहा कि आप आपके विभाग के किसी कार्मिक को मेरे पास भिजवा दे, मैं रिष्वत राशि की मांग का सत्यापन करवा दूंगा तथा प्रार्थना पत्र भी दे दूंगा। परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की आवष्यक हिदायत दी गई तथा श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा0 296 को बुलाकर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर देकर हिदायत दी गई कि परिवादी से वार्ता कर मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही पहुंच कर नियमानुसार रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करावें। इसके बाद समय करीब 06.03 पी0एम0 पर मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर परिवादी को बताया कि ब्यूरो चौकी चित्तौडगढ़ के श्री शेर सिंह ड्रा कानि0 के मोबाईल नम्बर है, जो आपसे कॉल कर सम्पर्क कर लेगा। उसे बता देना कि रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने के लिए कब और कहां आना है। वो आपको सरकारी डीवीआर को संचालन करने की विधि समझा देगा। उसे हमरा ले रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करावें तथा प्रार्थना पत्र भी उसे दे देवें। परिवादी को आवश्यक हिदायत दी गई। इसके बाद समय करीब 06.20 पी0एम0 पर श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा0 ने मन् उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि मैंने आपके निर्देशानुसार समय करीब 6.13 पी.एम पर परिवादी को कॉल कर वार्ता की जिस पर उसने मुझे कल दिनांक 12.12.2025 को सुबह 10.00 बजे के करीब मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने बुलाया है। इस पर श्री शेर सिंह को गोपनीयता बरतने की हिदायत देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। हालात उच्च अधिकारियों को निवेदन किये गये। इसके बाद दिनांक 12.12.2025 को समय करीब 04.00 ए0एम0 पर श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा0 को सरकारी डीवीआर मय् एक खाली मैमोरी कार्ड केडीएम कंपनी का 32 जीबी बरंग काला को सुपुर्द कर हिदायत दी गई कि मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही पहुंच परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी से सम्पर्क कर उससे प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उसे डीवीआर को चालु व बन्द करने की विधि की समझाईश कर उसके हमरा जाकर नियमानुसार रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करावें।

श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा0 को रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाने हेतु मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही के लिए रवाना किया गया। इसके बाद दिनांक 13.12.2025 को समय करीब 09.00 पी0एम0 पर श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा0 ने मन् उप अधीक्षक पुलिस को परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी का प्रार्थना पत्र एवं सरकारी डीवीआर मय् मैमोरी कार्ड के प्रस्तुत कर बताया कि मैं दिनांक 12.12.2025 को समय करीब 10.00 एएम पर सिरोही पहुंचा जहां पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी उपस्थित मिला। परिवादी ने प्रार्थना पत्र दिया जिसे अपने पास सुरक्षित रखा तथा परिवादी को हमराह ले उसके बताये अनुसार उसके निजी वाहन से रेवदर पहुंचे। परिवादी को डीवीआर चालु व बन्द करने की समझाईश कर डीवीआर में सुपुर्दशुदा खाली मैमोरी कार्ड लगाकर डीवीआर चालु कर समय करीब 11.38 एएम पर परिवादी को उसके निजी वाहन से रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर के लिए रवाना किया था। मैं कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर के आस-पास अपनी उपस्थिति छिपाते हुए खडा हो गया। कुछ देर बाद परिवादी आया तथा डीवीआर को बन्द कर मुझे बताया कि लोंग मोहम्मद कार्यालय में नही मिला है। जिस पर समय करीब 11.53 एएम पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर से डॉ. लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप कॉल किया गया तथा रिंग जाने के बाद मोबाईल का लॉउड स्पीकर ऑन कर परिवादी द्वारा सरकारी डीवीआर चालु कर वार्ता को रिकॉर्ड किया गया। वार्ता के अन्त में डॉ. लोंग मोहम्मद ने परिवादी को कहा कि पेशी से फ्री होकर मेरे को कॉल करना। डीवीआर को बन्द किया गया तत्पश्चात् समय करीब 12.15 पीएम पर पुनः परिवादी के मोबाईल नम्बर से डॉ लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप कॉल किया गया तथा रिंग जाने के बाद मोबाईल का लॉउड स्पीकर ऑन कर परिवादी द्वारा सरकारी डीवीआर चालु कर वार्ता को रिकॉर्ड किया गया। वार्ता के अन्त में डॉ. लोंग मोहम्मद ने परिवादी को कहा कि ऑफिस में जाकर बैठो फिर में बताता हुं। डीवीआर को बन्द किया गया। इसके बाद परिवादी को मय् डीवीआर मय् मैमोरी कार्ड के पुनः रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर के लिए रवाना किया था। मैं कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर के आस-पास अपनी उपस्थिति छिपाते हुए खडा हो गया। कुछ देर बाद परिवादी मेरे पास आया तथा मुझे बताया कि डॉ लोंग मोहम्मद के ऑफिस में नही आने पर मैंने उनको कॉल किया जिस पर उन्होने मुझे उनके निवास पर बुलाया। उक्त वार्ता को मै रिकॉर्ड नही कर पाया। इसके बाद मैं व परिवादी उसकी गाडी से कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवदर से रवाना होकर डीवीआर चालु कर डॉ लोंग मोहम्मद के घर के पास कुछ पहले उतर गया तथा परिवादी अपने निजी वाहन से डॉ लोंग मोहम्मद के आवास पर चला गया। मैं डॉ लोंग मोहम्मद के आवास के आस-पास अपनी उपस्थिति छुपाते हुए खड़ा हो गया। समय करीब 12.50 पीएम पर परिवादी मेरे पास आया तथा डीवीआर बन्द कर मुझे सुपुर्द करते हुए बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद अपने आवास पर मौजुद था जिनसे मेरी रिश्वत राशि मांग सत्यापन के सम्बन्ध में बातचित हो गई है। उक्त वार्तालाप को मैंने सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड कर लिया है। डॉ लोंग मोहम्मद ने मेरे से 50 हजार रूपये रिश्वत की मांग की है तथा 2-3 दिन बाद रिश्वत राशि 50 हजार रूपये में से 20 हजार रूपये पहले देना तय हुआ है, शेष राशि 1 माह बाद देना तय हुआ है। इसके बाद उक्त समस्त हालात मैंने जरिये दूरभाष आपको निवेदन किये थे तथा परिवादी से भी आपकी वार्ता करवायी थी तथा आपके निर्देशानुसार परिवादी को गोपनीयता बरतने कि हिदायत कर तथा रिश्वत में दी जाने वाली राशि 20 हजार रूपये की व्यवस्था करने की कहकर उसे रेवदर में ही छोड़कर वहाँ से रवाना होकर कार्यालय उपस्थित आया हुं । परिवादी के प्रार्थना पत्र का उपरोक्त अंकित अनुसार अवलोकन कर शामिल कार्यवाही किया गया। डीवीआर को चालू कर सुना गया तो आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद द्वारा रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन होना पाया गया। आईन्दा स्वतन्त्र गवाहान की तलबी की जाकर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। डीवीआर मय् रिकॉर्डिंगशुदा मैमोरी कार्ड व परिवादी के प्रार्थना पत्र को सुरक्षित कार्यालय में रखा गया। इसके बाद दिनांक 15.12.2025 को समय करीब 04.00 पी0एम0 पर मन् उप अधीक्षक पुलिस प्रकरण संख्या 163/2023 में चालान पेश करने हेतु एसीबी कोर्ट, भीलवाड़ा जाकर वहाँ से बाद राजकार्य फारिक हो एसीबी कोर्ट, चित्तौडगढ़ पहुंच प्रकरण संख्या 239/2025 में आरोपी की आवाज का नमूना लेने से सम्बन्धित न्यायालय की कार्यवाही से फारिक होकर एसीबी कार्यालय चित्तौडगढ़ उपस्थित आया। श्री दलपत सिंह, एएसआई द्वारा निर्देशानुसार स्वतन्त्र गवाह की तलबी बाबत् उसके द्वारा जारी किया हुआ पत्र क्रमांक 3306 दिनांक 15.12.2025 एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक चित्तौडगढ़ का पत्र क्रमांक 4425 दिनांक 15.12.2025 पेश कर कार्यालय में उपस्थित दोनो स्वतन्त्र गवाह से मिलवाया। मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा उपस्थित दोनो गवाहान को अपना परिचय देकर उनसे उनका परिचय पुछा तो एक गवाह ने अपना नाम श्री सीताराम मीणा पुत्र श्री शान्ता राम मीणा उम्र 46 वर्ष निवासी गांव रामपुरा पोस्ट गुढा तहसील जहाजपुर पुलिस थाना जहाजपुर जिला भीलवाड़ा हाल वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय नगरी, बस्सी जिला चित्तौडगढ़ होना बताया एवं दूसरे गवाह ने अपना नाम श्री नारायण लाल भाट पुत्र श्री बद्री लाल भाट उम्र 58 वर्ष निवासी मकान नम्बर 291 सेक्टर नम्बर 4, गांधी नगर चित्तौडगढ़ हाल व्याख्याता महात्मा गांधी राजकीय विधालय, चन्देरिया जिला चित्तौडगढ़ होना बताया। तत्पश्चात् ट्रेप कार्यवाही बाबत् दोनो स्वतंत्र गवाहान को बतौर स्वतंत्र गवाह उपस्थित रहने की सहमति चाही गई तो दोनो गवाहन ने अपनी-अपनी मौखिक सहमति प्रदान की जिस पर दोनो गवाहन को परिवादी द्वारा

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पढ़ कर सुनाया गया व दिखाया गया तथा दोनो स्वतन्त्र गवाहान के परिवादी के प्रार्थना पत्र हस्ताक्षर करवाये गये। दोनो स्वतंत्र गवाहानों को सरकारी डिवीआर में दिनांक 12.12.2025 को रिकार्ड की गई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता को चालू कर मुख्य अंशों को सुनाया गया तो दोनों गवाहानों ने रिश्वत राशि की मांग की पुष्टि होना बताया। दोनो स्वतन्त्र गवाह को कार्यालय में बिठाया गया। फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता पृथक से तैयार की जावेगी। इसके बाद समय करीब 04.15 पी0एम0 पर श्री शेर सिंह कानि. ड्रा. को टैक्सी स्टेण्ड से एक प्राईवेट वाहन लाने हेतु रवाना किया गया। इसके बाद समय करीब 04.25 पी0एम0 पर श्री शेर सिंह कानि. ड्रा. एक प्राईवेट वाहन इनोवा संख्या आरजे 09 यूसी 9999 लेकर उपस्थित आया तथा प्राइवेट वाहन के मालिक की मौखिक सहमति अनुसार उक्त वाहन को ब्यूरो के कानि. श्री सुनील कुमार द्वारा चलाया जायेगा। इसके बाद समय करीब 04.30 पी0एम0 पर स्टाफ के सदस्य श्री दलपत सिंह एएसआई, श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि, व श्री सन्दीप कुमार कानि0 के जरिये राजकीय वाहन ट्वेरा नम्बर आरजे 14 यूई 8792 मय् चालक श्री शेर सिंह के बजानिब रेवदर जिला सिरोही के लिए रवाना कर इनके साथ-साथ मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो स्वतन्त्र गवाहन श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट एवं टेªप पार्टी सदस्य श्री सुनील कुमार कानि0 को हमराह् ले मय सरकारी डिवीआर मय रिकॉर्डिंगशुदा मैमोरी कार्ड के मय लेपटॉप मय प्रिन्टर मय ट्रेप बॉक्स व आवश्यक स्टेशनरी लेखन सामग्री मय सरकारी मोबाईल मय खाली मैमोरी कार्ड के जरिये प्राईवेट वाहन इनोवा के एवं प्रवीण सिंह् कानि0 से मालखाने से फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी निकलवाकर सरकारी वाहन के डेस्कबोर्ड में रखवा कर हमरा ले ट्रेप कार्यवाही हेतु बजानिब रेवदर ज़िला सिरोही के लिए रवाना हुये। इसके बाद समय करीब 09.15 पी0एम0 पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के अलग-अलग वाहनों से सिरोही से आगे पाली रोड पर स्थित होटल ओम प्रतिक्षा रेस्टोरेन्ट, सिरोही के बाहर पहुंचे। वाहनों को पार्किंग में खड़ा करवाया। उक्त होटल के बाहर पाबन्दशुदा परिवादी श्री प्रवीण कुमार चौधरी उपस्थित मिला जिसे मन् उप अधीक्षक पुलिस ने अपना परिचय देकर उससे उसका परिचय प्राप्त किया तो परिवादी ने अपना नाम डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी पुत्र श्री भगवान जी चौधरी उम्र 31 वर्ष निवासी यावरपुरा तहसील डिसा जिला बनासकांटा (गुजरात) हाल मुकाम शिव क्लिनिक, मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही होना बताया। परिवादी को साथ लेकर एवं दोनो स्वतन्त्र गवाह एवं ट्रेप पार्टी सदस्यों के एवं ट्रेप कार्यवाही से सम्बन्धित समस्त संसाधनो को साथ लेकर होटल ओम प्रतीक्षा के कमरा नम्बर 104 में प्रवेश किया। परिवादी का दोनो स्वतन्त्र गवाह से आपस में परिचय करवाया गया तथा परिवादी द्वारा दिनांक 12.12.2025 को श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा. को दिया गया प्रार्थना पत्र पढ़ कर सुनाया व दिखाया गया तो परिवादी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों की पुष्टि की तथा प्रार्थना पत्र पर स्वयं के हस्ताक्षर होना बताया तथा प्रार्थना पत्र स्वयं का हस्तलिखित होना बताया। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 12.12.2025 के डीवीआर को चालु कर वार्ता के मुख्य अंशो को सुनाया गया तो इसमें परिवादी ने एक आवाज अपनी व दुसरी आवाज डॉ. लोंग मोहम्मद ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी की होना बताया। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता की फर्द ट्रांसक्रिप्ट पृथक से तैयार करवायी जावेगी। इसके बाद समय करीब 09.30 पी0एम0 पर दोनों स्वतंत्र गवाहान के समक्ष दिनांक 12.12.2025 को समय 11.53 ए.एम. पर परिवादी डॉ0 प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर से आरोपी डॉ0 लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सअप कॉल पर हुई वार्ता, दिनांक 12.12.2025 समय करीब 12.15 पी.एम. पर परिवादी डॉ0 प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर से आरोपी डॉ0 लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सअप कॉल पर हुई वार्ता एवं दिनांक 12.12.2025 समय करीब 12.18 पी.एम. से 12.48 पी.एम. के मध्य हुई रूबरू वार्ता परिवादी डॉ0 प्रवीण कुमार चौधरी एवं आरोपी डॉ0 लोंग मोहम्मद ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक रेवदर, जिला सिरोही के मध्य आरोपी के रिहायशी मकान रेवदर पर हुई, जिसे ब्यूरो के डिजिटल टेप रिकॉर्डर में रिकॉर्ड किया गया था। उक्त डीवीआर को लेपटॉप से कनेक्ट कर उक्त तीनों वार्ताओं की फर्द ट्रांसक्रिप्ट मन् उप अधीक्षक पुलिस के निर्देशानुसार श्री संदीप कुमार कानि 83 से पृथक से तैयार करवाई जाकर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। इसके बाद समय करीब 11.30 पी0एम0 पर परिवादी को गोपनीयता बरतने की हिदायत देकर एवं रिश्वत में दी जाने वाली राशि 20 हजार रूपये लेकर रेवदर से पहले बन्द पडे टोल नाका करोटी के पास एकान्त स्थान पर कल दिनांक 16.12.2025 को समय करीब 10.00 एएम पर मिलने के लिए पाबन्द कर रूखसत दी गई। मन् उप अधीक्षक पुलिस सभी हमराहियान के साथ होटल ओम प्रतीक्षा पर ही रात्रि विश्राम हेतु मुकिम रहा। इसके बाद दिनांक 16.12.2025 को समय करीब 09.05 ए0एम0 पर होटल ओम प्रतीक्षा से कमरा नम्बर 104 का बिल प्राप्त कर शामिल पत्रावली कर होटल ओम प्रतीक्षा से स्टाफ के सदस्य श्री दलपत सिंह एएसआई, श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि, व श्री सन्दीप कुमार कानि0 के जरिये राजकीय वाहन ट्वेरा नम्बर आरजे 14 यूई 8792 मय् चालक श्री शेर सिंह के बजानिब बन्द पडे टोल नाका करोटी जिला सिरोही की तरफ रवाना कर इनके साथ-साथ मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो स्वतन्त्र गवाहन श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट एवं ट्रेप पार्टी सदस्य श्री सुनील कुमार कानि0 को हमराह ले मय कार्यवाही की पत्रावली मय सरकारी डिवीआर मय रिकॉर्डिंगशुदा मैमोरी कार्ड के मय लेपटॉप मय प्रिन्टर मय ट्रेप बॉक्स व आवश्यक स्टेशनरी लेखन सामग्री एवं सरकारी मोबाईल मय खाली मैमोरी कार्ड एवं प्रवीण सिंह कानि0 एवं फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी के जरिये प्राईवेट वाहन इनोवा के ट्रेप कार्यवाही हेतु बजानिब बन्द

पडे टोल नाका करोटी जिला सिरोही की तरफ रवाना हुये। इसके बाद समय करीब 10.00 ए0एम0 पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के एवं अन्य स्टाफ के सदस्य पृथक-पृथक वाहनों से बन्द पडे टोल नाका करोटी के पास एकान्त स्थान पर पहुंचे जहाँ पर पुर्व तलबिदा परिवादी अपने निजी वाहन के साथ खड़ा मिला। वाहनों को साईड में खड़ा करवाया तथा आवश्यक संसाधन व स्टेशनरी लेकर करोटी टोल नाका पर साईड में बने एक कमरे में मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो स्वतन्त्र गवाह व परिवादी एवं टेªप पार्टी सदस्यों के पहुंचे । इसके बाद समय करीब 10.15 ए0एम0 पर दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं मन् उप अधीक्षक पुलिस के समक्ष पूर्व पाबंद शुदा परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी पुत्र श्री भगवान जी चौधरी उम्र 31 वर्ष निवासी यावरपुरा तहसील डिसा जिला बनासकांटा (गुजरात) हाल मुकाम शिव क्लिनिक मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही, बंद पड़ा टोल नाका करोटी पर उपस्थित मिला, जिस पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने की कहने पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी ने अपने पास से निकालकर पॉच-पॉच सौ रूपये के 40 नोट कुल बीस हजार रूपये पेश किये। भारतीय मुद्रा के उक्त नोटों के नम्बर निम्न प्रकार है-क्र0स0 नोटो का विवरण नोटो के नम्बर1 एक नोट 500/- रूपये का 6VR 1497602 एक नोट 500/- रूपये का 8UM 3205233 एक नोट 500/- रूपये का 1MV 6793914 एक नोट 500/- रूपये का 9HW 8751695 एक नोट 500/- रूपये का 2TW 9059486 एक नोट 500/- रूपये का 2QQ 3487907 एक नोट 500/- रूपये का 2BP 9216798 एक नोट 500/- रूपये का 0KQ 5607249 एक नोट 500/- रूपये का 7GM 58196210 एक नोट 500/- रूपये का 0VN 41346411 एक नोट 500/- रूपये का 2VB 76482112 एक नोट 500/- रूपये का 4UP 76201113 एक नोट 500/- रूपये का 4QH 38772714 एक नोट 500/- रूपये का 9FU 27111315 एक नोट 500/- रूपये का 2HH 07216216 एक नोट 500/- रूपये का 9CQ 11862517 एक नोट 500/- रूपये का 8KR 15735118 एक नोट 500/- रूपये का 9UD 83868519 एक नोट 500/- रूपये का 0PF 85924020 एक नोट 500/- रूपये का 8BU 93457021 एक नोट 500/- रूपये का 7GD 69887022 एक नोट 500/- रूपये का 1PW 44673423 एक नोट 500/- रूपये का 7VQ 19633224 एक नोट 500/- रूपये का 5QK 02059025 एक नोट 500/- रूपये का 7BE 12806126 एक नोट 500/- रूपये का 3NK 96753427 एक नोट 500/- रूपये का 2CN 27018128 एक नोट 500/- रूपये का 5DL 22659429 एक नोट 500/- रूपये का 4MV 75242030 एक नोट 500/- रूपये का 3FN 50267931 एक नोट 500/- रूपये का 9KH 56471032 एक नोट 500/- रूपये का 8WU 33940433 एक नोट 500/- रूपये का 5VN 73510434 एक नोट 500/- रूपये का 9KR 81475335 एक नोट 500/- रूपये का 2EK 32233436 एक नोट 500/- रूपये का 0VE 82422437 एक नोट 500/- रूपये का 9PR 83950338 एक नोट 500/- रूपये का 3PC 90772039 एक नोट 500/- रूपये का 5EA 98974740 एक नोट 500/- रूपये का 8EM 019559उपरोक्त समस्त भारतीय प्रचलन मुद्रा के नोटो के अलावा भारतीय मनोरंजन बैंक के 500-500 रूपयें के 60 डमी नोट कुल राशि 30,000 रूपयें सहित कुल राशि 50,000 रूपयें पर श्री प्रवीण सिंह कानि0 को सरकारी वाहन के डेस्क बोर्ड में रखी हुई फिनोफ्थलीन पाउडर को निकलवाकर उपरोक्त समस्त नोटों के दोनों ओर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया जाकर गवाह श्री सीताराम मीणा द्वारा परिवादी की तलाशी लिवाई गई तो पेंट की सामने की दाहिनी जेब में कोई वस्तु नहीं होने पर उक्त समस्त नोटो में से भारतीय प्रचलन मुद्रा के 500-500 रूपयें के 20 नोट को उपर एवं बीच में भारतीय मनोरंजन बैंक के 500-500 रूपयें के 60 नोटो को रखने के बाद नीचे भारतीय प्रचलन मुद्रा के 500-500 रूपयें के 20 नोटो सहित कुल राशि 50,000 रूपयें को परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी की पहनी हुई पेंट की सामने की दाहिनी जेब में कोई शैः नही छोडते हुए रखवाये गये। श्री प्रवीण सिंह कानि. से एक साफ प्लास्टिक गिलास में साफ पानी भरवाकर मंगवाया जाकर इसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवा कर घोल तैयार करवाया गया तो घोल का रंग अपरिवर्तित रहा। इस रंगहीन घोल में श्री प्रवीण सिंह कानि0 की उंगलियों व अंगुठे को डूबोकर धुलवाई गई तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार परिवादी तथा स्वतंत्र गवाहान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर बताई गई एवं उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि यदि आरोपी द्वारा परिवादी से रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण करेगे तो नोटों पर लगा फिनोफ्थलीन पाउडर उनकी हाथों की अंगुलियों व अंगुठे पर लग जाएगा और जब उसके हाथों की उंगलियों व अंगुठे को उपरोक्तानुसार धुलाई जाएगी तो घोल का रंग गुलाबी हो जाएगा। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपी ने रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्री प्रवीण सिंह कानि0 से बाहर फिकवाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को साथ लेकर बाद फारिक कार्यवाही के एसीबी चौकी चित्तौडगढ के लिए रवाना होने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उपरोक्त डिस्पोजल गिलास के घोल को बाहर फिकवाकर डिस्पोजल गिलास को जलाकर नष्ट कराया। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि वह आरोपी के द्वारा रिश्वती राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वती राशि देने से पूर्व या देने के बाद उसके शरीर के किसी अंग को नहीं छुए। यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वती राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रर्दशन न करे, तथा रिश्वती राशि दे चुकने के बाद गोपनीय निर्धारित ईशारा (अपने दोनो हाथो को स्वयं के सिर पर घुमाना/मोबाईल कॉल) करें। यह निर्धारित ईशारा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को समझाया गया तथा श्री प्रवीण सिंह कानि. से ट्रेप कार्यवाही में

प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियों, ढक्कन चम्मच इत्यादि को साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर व नये डिस्पोजल गिलास पेकेट ट्रेप बॉक्स में रखवाये गये। इसके पश्चात् मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा दोनो गवाहान, परिवादी एवं स्टाफ का आपस मे परिचय करवाया गया। तत्पश्चात गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी-अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादी तथा आरोपी के मध्य रिश्वती राशि के लेन-देन को देखने व सुनने का प्रयास करे एवं परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी को डिजीटल टेप रिकॉर्डर देते हुए हिदायत दी गई कि वह रिश्वती राशि के लेन-देन के वक्त आरोपी से होने वाली वार्तालाप को टेप करें। परिवादी, स्वतंत्र गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। श्री प्रवीण सिंह कानि0 के दोनो हाथों को साफ-पानी व साबुन ने धुलवाये गये। उक्त कार्यवाही की फर्द हाजा पृथक से मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवा शामील कार्यवाही की गई। इसके बाद समय करीब 10.40 एएम पर श्री प्रवीण सिंह कानि0 को फिनोलफ्लीन पाउडर की शीशी के साथ ब्यूरो कार्यालय चित्तोड़गढ़ पर जाने के लिये करोटी टोल नाके पर ही छोड़ गया। परिवादी ने बताया कि मैं रेवदर से होटल वन्दे मातरम् पर जाकर कॉल कर डॉ. लोंग मोहम्मद को वही बुला लुगा और रिश्वत राशि दे दूंगा। जिस पर परिवादी के हमरा स्वतन्त्र गवाह श्री सीताराम मीणा व ट्रेप पार्टी सदस्य श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री सन्दीप कुमार कानि0 को परिवादी की स्वयं की गाडी से होटल वन्दे मातरम् की तरफ रवाना कर उनके पीछे-पीछे सरकारी वाहन से ट्रेप पार्टी श्री दलपत सिंह, एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 को रवाना कर इनके साथ-साथ प्राईवेट वाहन से मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं श्री सुनील कुमार कानि0 के होटल वन्दे मातरम्, रेवदर की तरफ रवाना हुआ। इसके बाद समय करीब 10.50 एएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के एवं अन्य ट्रेप पार्टी सदस्य अपने-अपने वाहनों से होटल वन्दे मातरम् के कुछ पहले पहुंच वाहनो को साईड में खड़ा कर होटल वन्दे मातरम् के आस-पास मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के निर्धारित ईशारे का इन्तजार करने लगे। इसके बाद समय करीब 11.20 एएम पर परिवादी ने बिना ईशारा किये मन् उप अधीक्षक पुलिस के पास आकर बताया कि मैंने समय करीब 10.51 एएम पर डॉ. लोंग मोहम्मद से जरिये वाट्सएप कॉल वार्ता की जिसे मैंने सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड किया था। उक्त वार्ता में डॉ. लोंग मोहम्मद ने मुझे होटल वन्दे मातरम् पर आने के लिए कहा परन्तु डॉ. लोंग मोहम्मद होटल वन्दे मातरम् पर नही आये तथा उनके स्थान पर एक नर्सिंग कर्मचारी को भेजा जिसे मेरी बातचित हुई थी। जिसे भी मैंने सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड किया है। जिस पर डीवीआर परिवादी से प्राप्त कर चालु कर दोनो स्वतन्त्र गवाहों के समक्ष सुना गया तो परिवादी द्वारा बताई गई उक्त दोनो वार्ताए सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड है। दोनों वार्ताओं की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट पृथक से तैयार करवायी जायेगी। परिवादी ने बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर में ही मौजुद है जिनको मैं उनके कार्यालय में ही मिलकर उनको रिश्वत राशि दे दुंगा। इसके बाद समय करीब 11.40 एएम पर परिवादी को डीवीआर सुपुर्द कर उसके हमरा स्वतन्त्र गवाह श्री सीताराम मीणा व ट्रेप पार्टी सदस्य श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री सन्दीप कुमार कानि0 को परिवादी की स्वयं की गाडी से कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर के लिए रवाना कर उनके पीछे-पीछे सरकारी वाहन से ट्रेप पार्टी श्री दलपत सिंह, एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 को रवाना कर इनके साथ-साथ प्राईवेट वाहन से मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं श्री सुनील कुमार कानि0 के कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर की तरफ रवाना हुआ। इसके बाद समय करीब 11.50 एएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के एवं अन्य ट्रेप पार्टी सदस्य अपने-अपने वाहनों से कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर के कुछ पहले पहुंच वाहनो को साईड में खड़ा करवा कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर के आस-पास मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के निर्धारित ईशारे का इन्तजार करने लगे। इसके बाद समय करीब 01.20 पीएम पर परिवादी ने बिना ईशारा किये मन् उप अधीक्षक पुलिस के पास आकर डीवीआर को बन्द हालत में पेश करते हुए बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर में मौजुद थे परन्तु उनके आस-पास अन्य लोग मौजुद होने से मै उनसे नही मिला तथा वह अपनी गाडी लेकर अपने निवास के लिए निकल गये है। मैंने सरकारी डीवीआर को चालु किया था परन्तु उसमें डॉ. लोंग मोहम्मद से मेरी कोई वार्ता नही हुई। जिस पर डीवीआर को चालु कर दोनो स्वतन्त्र गवाहों के समक्ष सुना गया तो उसमें मौजूद वार्ता में ट्रेप कार्यवाही से सम्बन्धित कोई वार्ता रिकॉर्ड होना नहीं पाया। परिवादी ने बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद अपने निवास पर अकेले होगे जहाँ में उनको मांग अनुसार रिश्वत राशि दे सकता हुं। इसके बाद समय करीब 01.30 पीएम पर परिवादी को डीवीआर सुपुर्द कर परिवादी के हमरा स्वतन्त्र गवाह श्री सीताराम मीणा व ट्रेप पार्टी सदस्य श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री सन्दीप कुमार कानि0 को परिवादी की स्वयं की गाडी से रेवदर स्थित डॉ0 लोंग मोहम्मद के निवास के लिए रवाना कर उनके पीछे-पीछे सरकारी वाहन से ट्रेप पार्टी श्री दलपत सिंह, एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 को रवाना कर इनके साथ-साथ प्राईवेट वाहन से मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं श्री सुनील कुमार कानि0 के डॉ0 लोंग मोहम्मद के निवास के लिए रवाना हुआ। इसके बाद समय करीब 01.35 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के एवं अन्य टे<sup>a</sup>प पार्टी सदस्य अपने-अपने

वाहनों से रेवदर स्थित डॉ0 लोंग मोहम्मद के निवास के कुछ पहले पहुंच वाहनो को साईड में खड़ा करवा डॉ0 लोंग मोहम्मद के निवास के आस-पास मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के निर्धारित ईशारे का इन्तजार करने लगे। इसके बाद समय करीब 01.45 पीएम पर परिवादी ने बिना ईशारा किये मन् उप अधीक्षक पुलिस के पास आकर डीवीआर को बन्द हालत में पेश करते हुए बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद का निवास बाहर से बन्द था डॉ. लोंग मोहम्मद अपने निवास पर नहीं है। मैंने सरकारी डीवीआर को चालु किया था। जिस पर डीवीआर को चालु कर दोनो स्वतन्त्र गवाहों के समक्ष सुना गया तो उसमें मौजूद वार्ता में ट्रेप कार्यवाही से सम्बन्धित कोई वार्ता रिकॉर्ड होना नहीं पाया। इसके बाद समय करीब 01.50 पीएम पर परिवादी के हमरा स्वतन्त्र गवाह श्री सीताराम मीणा व ट्रेप पार्टी सदस्य श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री सन्दीप कुमार कानि0 को परिवादी की स्वयं की गाडी से एवं उनके पीछे-पीछे सरकारी वाहन से ट्रेप पार्टी श्री दलपत सिंह, एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 को डॉ0 लोंग मोहम्मद के निवास के पास से रेवदर कस्बे के बाहर एकान्त स्थान पर करौटी चौराया से पहले रूकने की हिदायत कर रवाना कर इनके साथ-साथ प्राईवेट वाहन से मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं श्री सुनील कुमार कानि0 के रवाना हुआ। इसके बाद समय करीब 02.00 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं श्री सुनील कुमार कानि0 के रेवदर कस्बे के बाहर एकान्त स्थान पर करौटी चौराया से कुछ पहले पहुंचा जहां पर परिवादी व स्वतन्त्र गवाह श्री सीताराम मीणा व ट्रेप पार्टी सदस्य श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री सन्दीप कुमार कानि0 एवं ट्रेप पार्टी सदस्य श्री दलपत सिंह, एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 व चालक श्री शेर सिंह कानि0 उपस्थित मिले। सभी वाहनों को साईड में खड़ा करा डॉ0 लोंग मोहम्मद के पुनः कार्यालय में आने की इन्तजार में वहीं मुकिम रहे। इसके बाद समय करीब 02.20 पीएम पर परिवादी को डीवीआर सुपुर्द कर उसके हमरा स्वतन्त्र गवाह श्री सीताराम मीणा व ट्रेप पार्टी सदस्य श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री सन्दीप कुमार कानि0 को परिवादी की स्वयं की गाडी से कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर के लिए रवाना कर उनके पीछे-पीछे सरकारी वाहन से ट्रेप पार्टी श्री दलपत सिंह, एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 को रवाना कर इनके साथ-साथ प्राईवेट वाहन से मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं श्री सुनील कुमार कानि0 के कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर की तरफ रवाना हुआ। इसके बाद समय करीब 02.30 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के एवं अन्य ट्रेप पार्टी सदस्य अपने-अपने वाहनों से कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर के कुछ पहले पहुंच वाहनो को साईड में खड़ा करवा कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर के आस-पास मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के निर्धारित ईशारे का इन्तजार करने लगे। इसके बाद समय करीब 02.50 पीएम पर परिवादी ने बिना ईशारा किये मन् उप अधीक्षक पुलिस के पास आकर डीवीआर को बन्द हालत में पेश करते हुए बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी रेवदर में मौजुद नही है। मैं जल्दबाजी में डीवीआर चालु नहीं कर पाया। जिस पर डीवीआर को चालु कर दोनो स्वतन्त्र गवाहों के समक्ष सुना गया तो उसमें अभी की कोई वार्ता नही होना पाया गया। परिवादी ने बताया कि अब डॉ. लोंग मोहम्मद कही रेवदर से अन्य जगह चल गये है आज रिश्वत राशि का लेन-देन नही हो पायेगा। जिस पर अब तक के हालात उच्च अधिकारियो को निवेदन किये गये तथा परिवादी को हिदायत दी गई कि गोपनीयता बनाये रखे तथा जब भी डॉ. लोंग मोहम्मद रिश्वत राशि लेकर बुलावे तब तुरन्त ब्यूरो चौकी चित्तौडगढ़ पर सूचना करें। परिवादी की दाहिनी जेब से रिश्वत राशि निकवाकर परिवादी से एक सफेद कागज में लिपटवाकर रखवायी गई तथा सफेद कागज में लिपटी हुई रिश्वत राशि को गवाह श्री सीताराम मीणा के पास सुरक्षित रखने हेतु दी गई। परिवादी को रेवदर में ही रूखसत किया गया। इसके बाद समय करीब 03.30 पी0एम0 पर स्टाफ के सदस्य श्री दलपत सिंह एएसआई, श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि, व श्री सन्दीप कुमार कानि0 के जरिये राजकीय वाहन ट्वेरा नम्बर आरजे 14 यूई 8792 मय् चालक श्री शेर सिंह के रेवदर जिला सिरोही से ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ़ के लिए रवाना कर इनके साथ-साथ मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो स्वतन्त्र गवाहन श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट एवं ट्रेप पार्टी सदस्य श्री सुनील कुमार कानि0 को हमराह ले मय सरकारी डिवीआर मय रिकॉर्डिंगशुदा मैमोरी कार्ड के मय लेपटॉप मय प्रिन्टर मय ट्रेप बॉक्स व आवश्यक स्टेशनरी लेखन सामग्री मय सरकारी मोबाईल मय खाली मैमोरी कार्ड के जरिये प्राईवेट वाहन इनोवा के रेवदर जिला सिरोही से ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ़ के लिए रवाना हुये। इसके बाद समय करीब 10.30 पी0एम0 पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो स्वतन्त्र गवाहान श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट एवं ट्रेप पार्टी सदस्य श्री सुनील कुमार कानि0, श्री दलपत सिंह एएसआई, श्री ओम प्रकाश एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि, व श्री सन्दीप कुमार कानि0 ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ़ पर पहुंचे। गवाह श्री सीताराम मीणा से रिश्वत राशि जो सफेद कागज में लिपटी हुई को निकलवाकर कार्यवाहक मालखाना ईचाज श्री सुनिल कुमार कानि0 264 को सुपुर्द कर दुरूस्त हालात में एक तरफ मालखाने में रखवाया गया। कार्यवाही की पत्रावली एवं डीवीआर मय रिकार्डिंगशुदा मैमोरी कार्ड एवं सरकारी मोबाईल मय खाली मैमोरी कार्ड को कार्यालय के मालखाने में सुरक्षित रखने हेतु कार्यवाहक मालखाना ईचाज श्री सुनील कुमार कानि0 264 को सुपुर्द कर दुरूस्त हालात में मालखाने में रखवाया गया।

दोनो स्वतन्त्र गवाहन श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत की गई तथा जब भी ब्यूरो द्वारा जरिये दूरभाष तलब किया जावे तब उपस्थित होवें तथा गवाह श्री सीताराम जी को आईन्दा दूसरी ड्रेस पहनकर आने की हिदायत कर दोनो गवाहान को रूखसत किया गया। स्टाफ के सदस्यों को भी गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत दी गई। इसके बाद दिनांक 17.12.2025 को समय करीब 09.30 एएम पर श्री शेरसिंह कानि0 ड्रा. ने बताया कि मेरे मोबाईल पर परिवादी का कॉल आया है उसने बताया कि डॉ. लोंग मोहम्मद ने रिश्वत राशि लेकर कल बुलाया है। अतः दोनो स्वतन्त्र गवाह को कल सुबह 9.30 एएम पर ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ़ पर उपस्थित आने हेतु जरिये दूरभाष पाबन्द करवाया गया। इसके बाद दिनांक 18.12.2025 को समय करीब 09.30 एएम पर दोनो स्वतन्त्र गवाह श्री नारायण लाल भाट, व्याख्यता एवं श्री सीताराम मीणा, वरिष्ठ अध्यापक कार्यालय में उपस्थित आये है जिन्हे कार्यालय में बिठाया गया। इसके बाद समय करीब 09.35 एएम पर श्री शेरसिंह कानि0 ड्रा. को एक प्राईवेट टैक्सी किराये कर लाने हेतु टैक्सी स्टेण्ड चित्तौडगढ़ के लिए रवाना किया गया। इसके बाद समय करीब 09.50 एएम पर श्री शेरसिंह कानि0 ड्रा. को एक प्राईवेट वाहन अरर्टिका नम्बर आरे 09 यूए 4670 मय चालक श्री कालू कीर निवासी कुम्भा नगर चित्तौडगढ़ मोबाईल नम्बर को लेकर उपस्थित आया। इसके बाद समय करीब 10.00 एएम पर स्टाफ के सदस्य श्री दलपत सिंह एएसआई, श्री ओम प्रकाश एएसआई व श्री सन्दीप कुमार कानि0 एवं दोनो स्वतन्त्र गवाहन श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट के जरिये प्राईवेट वाहन बजानिब रेवदर जिला सिरोही के लिए रवाना कर इनके साथ-साथ मन् उप अधीक्षक पुलिस मय टेम्प पार्टी सदस्य श्री सुनील कुमार कानि0, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 एवं श्री प्रवीण कुमार कानि0 से मालखाने में रखी हुई रिश्वत राशि 50 हजार रूपये जो एक सफदे कागज में लिपटे हुए को निकलवाकर उसके पास सुरक्षित रखवा कर मय सरकारी डिवीआर मय रिकॉर्डिगशुदा मैमोरी कार्ड के मय लेपटॉप मय प्रिन्टर मय ट्रेप बॉक्स व आवश्यक स्टेशनरी लेखन सामग्री मय सरकारी मोबाईल मय खाली मैमोरी कार्ड व कार्यवाही की पत्रावली के जरिये राजकीय वाहन ट्वेरा नम्बर आरजे 14 यूई 8792 मय् चालक श्री शेर सिंह के ट्रेप कार्यवाही हेतु बजानिब रेवदर जिला सिरोही के लिए रवाना हुये। इसके बाद समय करीब 02.00 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय टेम्प पार्टी सदस्यों एवं स्वतन्त्र गवाहान के अपने-अपने वाहनों से होटल बाबा रामदेव सिरोही पर पहुंचे। वाहनों को साईड में खड़ा करवाया। होटल बाबा रामदेव पर पूर्व तलबिदा परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी अपने निजी वाहन से उपस्थित आया। इसके बाद समय करीब 02.12 पीएम पर परिवादी के निजी वाहन में मन् उप अधीक्षक पुलिस व श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 के परिवादी के साथ बैठकर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर से डॉ लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप कॉल किया गया परन्तु कॉल कनेक्ट नही हुआ तब तक तुरन्त ही परिवादी के मोबाईल पर आरोपी डॉ लोंग मोहम्मद का वाट्सएप कॉल आ गया जिस पर परिवादी के मोबाईल का लाउड स्पीकर ऑन कर सरकारी डीवीआर में वार्ता को रिकॉर्ड किया गया। वार्तानुसार आरोपी डॉ लोंग मोहम्मद ने परिवादी को कहा कि तु मण्डार आकर मुझे कॉल करना। उक्त वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट पृथक से मूर्तिब की जावेगी। अंतः अग्रिम कार्यवाही हेतु मण्डार के लिए प्रस्थान किया जावेगा। इसके बाद समय करीब 02.20 पीएम पर श्री प्रवीण सिंह कानि. से रिश्वत राशि जो सफदे कागज में लिपटी हुई है जिसे निकलवाकर परिवादी की पहनी हुई पेन्ट की दाहिनी जेब में रिश्वत राशि श्री प्रवीण सिंह कानि. से रखवायी गई तथा श्री प्रवीण सिंह कानि. को ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ़ पर जाने हेतु होटल बाबा रामदेव पर ही छोडकर तथा श्री दलपत सिंह, एएसआई व श्री सन्दीप कुमार कानि. को जरिये सरकारी वाहन मय चालक श्री शेर सिंह के रेवदर कस्बे में पहुंच कर अग्रिम निर्देश तक वही मुकिम रहने की हिदायत कर रवाना कर तथा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं सुनील कुमार कानि. के परिवादी को हमरा ले परिवादी के निजी वाहन से मण्डार के लिए रवाना होते हुए हमारे साथ-साथ प्राईवेट वाहन से श्री ओम प्रकाश एएसआई व श्री जितेन्द्र कुमार कानि. के मय् चालक के मण्डार स्थित परिवादी के घर के लिए रवाना हुए। इसके बाद समय करीब 04.05 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं सुनील कुमार कानि. एवं परिवादी के साथ परिवादी के निजी वाहन से एवं प्राईवेट वाहन से श्री ओम प्रकाश एएसआई व श्री जितेन्द्र कुमार कानि. के मय् चालक के मण्डार स्थित परिवादी के घर के पास पहुंचे। वाहनों को साईड में खड़ा करवाया तथा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के परिवादी के निवास में प्रवेश किया। इसके बाद समय करीब 04.09 पीएम पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर से डॉ लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप कॉल किया गया। जिस पर डॉ लोंग मोहम्मद ने परिवादी को कहा कि मैं उधर आकर कॉल करता हुं, फिर आप उधर आ जाना। उक्त वार्ता को सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड किया गया। वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट पृथक से तैयार की जावेगी। इसके बाद समय करीब 04.11 पीएम पर डॉ लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर से परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप कॉल आया। जिस पर डॉ लोंग मोहम्मद ने परिवादी को कहा कि ऐसा कर तु आ जा रेवदर, घर के पास आकर कॉल करना। उक्त वार्ता को सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड किया गया। वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट पृथक से तैयार की जावेगी। इसके बाद समय करीब 04.20 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं सुनील कुमार कानि. एवं परिवादी को हमरा ले परिवादी के निजी वाहन से एवं प्राईवेट वाहन से श्री ओम प्रकाश एएसआई व श्री जितेन्द्र कुमार

कानि. के मय् चालक के मण्डार स्थित परिवादी के घर से रेवदर स्थित आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद के निवास स्थान के लिए रवाना हुए। इसके बाद समय करीब 04.42 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय गवाह श्री नारायण लाल भाट एवं सुनील कुमार कानि. एवं परिवादी के साथ परिवादी के निजी वाहन से एवं प्राईवेट वाहन से श्री ओम प्रकाश एएसआई व श्री जितेन्द्र कुमार कानि. के मय् चालक के रेवदर स्थित आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद के निवास स्थान से कुछ पहले पहुंचे। वाहनों को साईड में खड़ा करवाया। इसके बाद समय करीब 04.45 पीएम पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के मोबाईल नम्बर से डॉ लोंग मोहम्मद के मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप कॉल किया गया। जिस पर डॉ. लोंग मोहम्मद ने परिवादी को कहा कि घर पर आ जाओं। उक्त वार्ता को सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड किया गया। वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट पृथक से तैयार की जावेगी। इसके बाद समय करीब 04.48 पीएम पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी पुत्र श्री भगवान जी चौधरी उम्र 31 वर्ष निवासी यावरपुरा तहसील डिसा जिला बनासकांटा (गुजरात) हाल मुकाम शिव क्लिनिक मण्डार तहसील रेवदर जिला सिरोही को मय डीवीआर मय मेमोरी कार्ड के हिदायत मुनासिब कर आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद से हुई वाट्सअप कॉल वार्ता के अनुसार अपने निवास पर बुलाये जाने पर निवास के लिये रवाना किया तथा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय जाप्ता मय स्वतंत्र गवाहान अपने-अपने वाहनों में रोड़ के साईड में इन्तजार कर रहे थे, इतने में आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद अपनी निजी गाड़ी आरजे 04 सीए 8787 में परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी को बिठाकर रेवदर बस स्टेण्ड की तरफ जाता दिखा, जिसके पीछे मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमरायान जाप्ता मय स्वतंत्र गवाहान अपने-अपने वाहनों एवं परिवादी के निजी वाहन से पीछे-पीछे चलते रहे तो रेवदर कस्बे के बाहर करोटी की तरफ जाने वाली रोड़ पर परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी को मैन रोड़ पर आरोपी के वाहन से उतारा, तब परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी द्वारा अपने सिर पर दोनो हाथ फैर कर पूर्व निर्धारित ईशारा समय करीब 4.55 पी.एम. पर किया, जिसे मन् उप अधीक्षक पुलिस मय.स्वतंत्र गवाहान श्री सीताराम मीणा व श्री नारायण लाल भाट, जितेन्द्र कुमार कानि. मय प्राईवेट वाहन (किराये पर) मय चालक ने निर्धारित ईषारा परिवादी का देखकर सरकारी ट्वेरा में श्री दलपत सिंह सहायक उप निरीक्षक, श्री संदीप कुमार कानि., श्री शेर सिंह कानि. चालक एवं परिवादी के निजी वाहन में श्री ओमप्रकाष शर्मा सहायक उप निरीक्षक, श्री सुनिल कुमार कानि. बैठे हुए को मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा मोबाईल कॉल कर आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद की निजी गाड़ी आरजे 04 सीए 8787 का पीछा कर पकड़ने के संबंध में बताया गया, जिस पर परिवादी के निजी वाहन में परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी को बैठाकर पूर्व में दिया गया डीवीआर मय मैमोरी कार्ड ऑन शुदा को बंद कर सुरक्षित श्री ओमप्रकाश सहायक उप निरीक्षक के पास सुरिक्षत रखा गया तत्पश्चात मन् उप अधीक्षक मय हमरायान अपने-अपने वाहनों से आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद की गाड़ी के पीछे-पीछे चलते रहे, करोटी चौराहे से आरोपी द्वारा अपनी गाड़ी को तेज गति से भैरू गढ रोड़ की तरफ भगाने पर उनका पीछा करते हुए भैरू गढ से भटाणा रोड़ वीर मामाजी के थान के पास मोड़ पर आरोपी की निजी गाड़ी रोड़ साईड में फिसली हुई मिली जो फंसी हुई गाड़ी को निकालने का प्रयास कर रहा था जिसे मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमरायान जाप्ता अपने-अपने वाहनो को रोड़ पर साईड में खड़े कर आरोपी को घेरा डालकर रोका तथा वाहन से बाहर निकलने की कहने पर आरोपी बाहर निकला जिसके एक हाथ कानि. श्री जितेन्द्र कुमार ने एवं दुसरे हाथ को कानि. श्री सुनिल कुमार द्वारा पोचो से उपर पकड़वाया गया तथा उपस्थित परिवादी ने ईशारा कर मन् उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि यही आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रेवदर है, जिन्होने मेरे से दिनांक 12.12.2025 को जरिये वाट्सअप कॉल एवं आमने-सामने हुई रूबरू वार्ता के दौरान मेरी शिव क्लिनिक मण्डार को अब चैक नहीं करने एवं केस नहीं बनाने की ऐवज में मेरे से 50,000 रूपयें की रिश्वत राशि की मांग की गई, मांग अनुसार/व्यवस्था अनुसार मैने 20,000 रूपयें भारतीय प्रचलित मुद्रा के पेश किये तथा ब्यूरो द्वारा शेष राशि 30,000 रूपयें के डमी नोट (भारतीय मनोरंजन बैंक) के 500-500 रूपयें के 60 नोट सहित कुल राशि 50,000 रूपयें मांग अनुसार मैनें अभी कुछ समय पूर्व मुझ से इनके निवास से इनकी निजी वाहन स्वीफ्ट गाड़ी में इनके साथ मुझे बिठाकर रेवदर कस्बे से करोटी जाने वाली रोड़ पर रेवदर कस्बे से बाहर मेरे से रिश्वत राशि 50,000 रूपयें मेरे से गाड़ी में मांग कर गियर के पास कंसोल बॉक्स पर रखने हेतु कहने पर मैनें आरोपी के कहे अनुसार उक्त रिश्वत राशि 50,000 रूपयें गियर के पास कंसोल बॉक्स पर रखने के बाद मुझे गाड़ी से निचे उतार दिया, तब मैने टेªप दल के सदस्यों को पूर्व निर्धारित ईशारा किया। तत्पश्चात मन् उप अधीक्षक पुलिस ने अपना एवं हमरायान का परिचय आरोपी को देते हुए आने का प्रायोजन से अवगत कराया गया तथा परिवादी द्वारा बताये गये कथनो के क्रम में मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा आरोपी से उसका परिचय पूछा तो उसने अपना नाम डॉ. लोंग मोहम्मद राजड़ पुत्र श्री हाफत खान जाति मुसलमान उम्र 39 वर्ष निवासी आकल पोस्ट ओगला तहसील सेड़वा पुलिस थाना सेड़वा जिला बाड़मेर हाल निवासी मण्डार रोड़ रेवदर जिला सिरोही हाल ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक रेवदर, जिला सिरोही होना बताया जिसे मन् उप अधीक्षक पुलिस ने परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी की तरफ ईशारा करते हुए पूछा गया कि क्या तुम इसे जानते हो तो आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद ने बताया कि इनका नाम डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी है जिनका शिव क्लिनिक मण्डार में है जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस ने आरोपी डॉ. लोंग मोहम्मद से पूछा गया कि आपने उक्त रिश्वत राशि 50,000 रूपयें परिवादी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी से किस बात के लिये है, जिस पर डॉ. लोंग मोहम्मद ने बताया कि मैने पूर्व में शिव क्लिनिक डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी के विरूद्व कार्यवाही की गई

